प्रकाशनार्थ

20 जुलाई 2025 गोरखपुर

सावन कृपाल रूहानी मिशन झूलेलाल मंदिर गोरखनाथ गोरखपुर में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वधान में किया गया है।

इस रक्तदान शिविर के आयोजक श्री दिनेश कुमार वलानी हैं उन्होंने बताया कि सावन कृपाल रूहानी मिशन गोरखपुर उत्तर प्रदेश में एक आध्यात्मिक संगठन है जो संत कृपाल सिंह जी महाराज के सिद्धांतों पर आधारित है। यह संगठन " सत्य , प्रेम और सेवा" के मूल्यों पर जोर देता है लोगो को आध्यात्मिक ज्ञान और आत्म साक्षात्कार की ओर मार्गदर्शन करने का प्रयास करता है।

सावन कृपाल रूहानी मिशन , एक आध्यात्मिक संगठन है, जो रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल है। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमन्दो को रक्त उपलब्ध कराना और लोगो को रक्तदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना है।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल  सभी रक्तदाताओं को हृदय से धन्यवाद देते हैं तथा उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में मदद करता है।

प्रत्येक दानकर्ता जीवन रक्षा के सागर में बूंद जोड़ता है एक साथ मिलकर हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि किसी की जीवन का अंत रक्तरेखा पर न हो। हमारी रक्त की बूंदे मिलकर आशा और प्रेम की नदी बनाती हैं।

इस रक्तदान शिविर में अरुण वलानी , ऋषि वलानी , दिनेश कुमार , सुधीर त्रिपाठी तथा लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में टेक्नीशियन ,आर एम ओ तथा अन्य कर्मचारीगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।